# गुलाब बाग पेट्रोल पंप गोलीकांड में 3 आरोपी और गिरफ्तार

- अब तक 5 आरोपियों को पकड़ चुकी है पुलिस
- मुख्य आरोपी सहित 3 अभी भी फरार, तलाश तेज





नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार 21 मई को गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने हुई सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पहले पकड़ गए दो आरोपियों समेत मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी सहित वारदात में शामिल तीन आरोपी अभी फरार हैं. हत्या पुरानी रंजिश और बदले की भावना के चलते की गई थी.**

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी गुलशन यादव ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर गत 21 मई को अभि तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी थी. घटना के दिन शिकायतकर्ता अमन राजावत अपने दोस्तों के साथ गुलाब बाग पेट्रोल पंप के पास मौजूद था. इसी दौरान अभि तोमर अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसकी कार में बैठकर बातचीत कर रहा था. तभी दो बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी. बाद में अन्य आरोपी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी गोलीबारी की. इसमें अभि तोमर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इस दौरान उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति भी छर्रे लगने से घायल हो गया.

### मुख्य आरोपी ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने दिया वारदात को अंजाम

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी गुलशन यादव ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए पूरी योजना बनाई थी. इसके लिए सभी आरोपी बॉम्बे हॉस्पिटल के पास एक होटल में रुके और वहीं वारदात की साजिश रची गई. इसके बाद पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया गया. घटना के बाद आरोपी अलग-अलग होकर फरार हो गए और शहर व आसपास के इलाकों में छिपते रहे. तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पीयूष गुर्जर, सत्यवीर जाटव, गौरव मौर्य, नरेश चौरसिया और भानु गुर्जर को गिर फ्तार कर लिया है.

### वारदात में उपयोग किया गया वाहन भी जब्त

पुलिस उपायुक्त जोन 2 अमन सिंह राठौर ने बताया कि पूछताछ में सभी ने अपराध स्वीकार किया है. पुलिस ने घटना में उपयोग वाहन भी जब्त किया है. वहीं मुख्य आरोपी गुलशन यादव, डीलू उर्फ चंद्रकांत लहरिया और गौरव जाटव अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना है तथा सभी आरोपियों को जल्द न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया जाएगा.

# मोबाइल हैक कर युवक के खाते से पार किए 1.89 लाख


- अचानक अपडेट होने लगा मोबाइल और आने लगे ट्रांजेक्शन के मैसेज

**इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल सॉफ्टवेयर अपडेट के दौरान साइबर ठगी का मामला सामने आया है. अज्ञात आरोपियों ने मोबाइल हैक कर पीड़ित के खाते से 1.89 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर निकाल लिए. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

फरियादी सूरज कुशवाहा उम्र 33 साल निवासी ओमेक्स सिटी-1 बायपास ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके रियलमी मोबाइल में अचानक सॉफ्टवेयर अपडेट शुरू हो गया. इसके बाद मोबाइल पूरी तरह हैंग हो गया, उसे बंद-चालू करना भी मुश्किल हो गया. जैसे-तैसे मोबाइल चालू होने पर मैसेज में बैंक के कई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाई दिए. जांच करने पर पता चला कि खाते से 1,89,454 रुपए अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए निकाल लिए गए. फरियादी की शिकायत पर विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस साइबर फ्रॉड के एंगल से जांच कर रही है और ट्रांजेक्शन डिटेल खंगाली जा रही है.

# किश्तें नहीं भर पाने से परेशान ऑटो चालक ने घर में फांसी लगाई

- छोटी ग्वालटोली में होटल के कमरे में ग्वालियर के युवक ने लगाई फांसी
- सांवेर क्षेत्र के ग्राम बालोदा में भी युवक ने किया सुसाइड



नव भारत न्यूज

**इंदौर. तीन अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पहली घटना विजयनगर इलाके की है, जहां अंबिका नगर निवासी तथा ऑटो चलाहने वाले एक युवक ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वहीं, दूसरी घटना छोटी ग्वालटोली स्थित एक होटल में हुई, जहां ग्वालियर निवासी एक युवक ने फांसी लगा ली. तीसरी घटना सांवेर के बालोदा गांव की है. यहां भी एक युवक ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया.**

विजयनगर पुलिस के अनुसार अंबिका नगर निवासी 28 वर्षीय विशाल वर्मा ने घर में फांसी लगा ली. परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.मृतक के भाई शुभम ने बताया कि विशाल ने बजाज फाइनेंस से लोन लेकर ऑटो रिक्शा खरीदा था. वह तीन साल से ऑटो चलाकर उसकी किश्त भर रहा था. उसने पांच साल का लोन लिया था. पिछले दो महीनों से वह किश्तें जमा नहीं कर पा रहा था, जिससे वह तनाव में था. फाइनेंस कंपनी की ओर से उसे लगातार कॉल आ रहे थे. घटना के पहले वह शराब के नशे में था. मौत के बाद भी मोबाइल पर लगातार कॉल आने की बात परिजनों ने बताई है.

इसी तरह छोटी ग्वालटोली स्थित बजरंग होटल में ग्वालियर निवासी पवन पिता राम (25 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वह अपने साथी विपिन के साथ बड़वानी जिले के खेतिया में वाइन शॉप पर नौकरी के लिए गया था, जहां विवाद के बाद बुधवार को दोनों इंदौर लौट आए थे और बजरंग होटल में ठहरे हुए थे. होटल में ठहरने के दौरान पवन ने अपने भाई से फोन पर बात की और बाद में कमरे में जाकर फांसी लगा ली. दरवाजा नहीं खोलने पर साथी ने होटल प्रबंधन को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. वहीं तीसरी घटना सांवेर क्षेत्र में हुई. यहां ग्राम बालोदा में 38 वर्षीय भगवानसिंह का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला. आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं. पुलिस ने तीनों ही मामलों में मर्ग कायम कर लिया है और जांच शुरू कर दी है.

# चोइथराम चौराहे पर शराब दुकान के बाहर बवाल, पथराव : 4 घायल

- गोली चलने की भी है सूचना
- अवैध अहाता हटाने को लेकर हुआ विवाद
- पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की कर रही पहचान




नव भारत न्यूज

**इंदौर. चोइथराम चौराहा स्थित शराब दुकान के बाहर अवैध अहाता हटाने को लेकर मंगलवार रात जमकर विवाद हो गया. इस दौरान पथराव हुआ, वहीं कुछ लोगों ने गोली चलने का भी आरोप लगाया, हालांकि पुलिस ने फायरिंग से इनकार किया है. मारपीट और पथराव में 4 लोगों के घायल होने की भी सूचना है. पुलिस जांच कर रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौराहे पर नई शराब दुकान का ठेका सिद्धार्थ जायसवाल को मिला है. पहले से चल रही दुकान के साथ एक अवैध अहाता भी संचालित हो रहा था, जहां शराब के साथ चखना, बीड़ी-सिगरेट, पानी और डिस्पोजल सामग्री बेची जाती थी. अहाते में गंदगी को लेकर नगर निगम पहले ही एक लाख रुपए का चालान कर चुका था, जिसके बाद जमीन मालिक ने इसे हटाने को कहा. बताया जा रहा है कि अहाता भानु सिसौदिया उर्फ छोटा भानु और किशोर मराठा के समर्थकों द्वारा चलाया जा रहा था, जो इसे हटाने का विरोध कर रहे थे. इसी बात को लेकर शराब ठेकेदार और संबंधित लोगों के बीच विवाद बढ़ गया और पथराव की स्थिति बन गई.

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक स्थिति शांत हो चुकी थी. मामले में 4 लोगों के घायल होने की भी सूचना है. कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को गोली चलने की जानकारी भी दी, लेकिन राजेंद्र नगर पुलिस ने फायरिंग की पुष्टि नहीं की है. फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके.

## एक नजर में

### मलेंडी गांव में मिले कंकाल की शिनाख्त, हत्या की आशंका

**महू.** नजदीकी मलेंडी गांव में देर रात एक नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. ग्रामीणों की सूचना पर बड़गोंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. रातभर की पड़ताल के बाद सुबह गांव में पूछताछ के दौरान पता चला कि गांव का ही एक युवक कई दिनों से लापता था. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी, क्योंकि उन्हें लगा था कि वह मजदूरी के लिए किसी दूसरे शहर गया है. बड़गोंदा थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि कंकाल की पहचान गांव निवासी 35 वर्षीय जगदीश सोलंकी के रूप में हुई है. परिवारजनों ने मौके पर पहुंचकर चप्पल और अन्य वस्तुओं के आधार पर उसकी पहचान की. पुलिस के अनुसार, जगदीश अक्सर मजदूरी के लिए बाहर जाता था, और इस बार भी परिजनों ने उसके काम पर जाने का ही अनुमान लगाया था. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा.

### महू के तांगा खाना क्षेत्र में युवक का शव मिला



**महू.** महू के तांगा खाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक युवक का शव मिला. खनूजा टेंट हाउस के सामने मिले शव पर खून के निशान थे, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है. सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए. जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर से फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए. मृतक की पहचान महू के पीठ रोड निवासी 33 वर्षीय उज्ज्वल के रूप में हुई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है. थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है. शरीर पर मिले खून के निशानों के आधार पर पुलिस हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है. मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा.

### ग्राम हरनिया खेड़ी में नि:शुल्क सैनिटरी पैड्स बांटे




**महू.** मासिक धर्म केवल एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक महिला के जीवन की गरिमा, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है. भारत के ग्रामीण अंचलों और झुग्गी-झोपड़ियों में आज भी सैनिटरी पैड्स तक महिलाओं की पहुंच एक बहुत बड़ा संकट है. इसी अभाव को दूर करने के लिए हमारा यह प्रयास पिछले 6 वर्षों से अनवरत जारी है. यह बात प्रख्यात लेखक एवं संस्था अनिवार्य के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित बागड़ी ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष जागरूकता सह वितरण शिविर में कही. अंकित बागड़ी पिछले 6 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर एक मूक क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं. इस अभियान की सबसे अनुकरणीय और प्रेरक बात यह है कि वे इसके लिए किसी बाहरी चंदे या कॉर्पोरेट फंड पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि अपनी पुस्तकों से प्राप्त होने वाली संपूर्ण रॉयल्टी को इस पुनीत कार्य में पूरी तरह समर्पित कर देते हैं. इसी कड़ी में ग्राम हरनिया खेड़ी में सैनिटरी पैड वितरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को न केवल नि:शुल्क पैड्स वितरित किए गए, बल्कि उन्हें मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और स्वच्छता के महत्व से भी अवगत कराया गया.

# संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील



**इंदौर. कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए जोन 4 पुलिस ने चंदननगर थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों और मस्जिदों के आसपास फ्लैग मार्च निकाला.**

पुलिस उपायुक्त जोन-4 सुनील कुमार मेहता के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी, थाना प्रभारी चंदननगर निरीक्षक तिलक कारोले सहित पुलिस बल मौजूद रहा. पुलिस टीम ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया. साथ ही अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने की अपील की. अधिकारियों ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा. फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की मौजूदगी से क्षेत्र में विश्वास का माहौल बना और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई.

# पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के माली और पड़ोसियों में मारपीट

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के यहां कार्यरत माली और पड़ोसियों के बीच घर के बाहर खड़े होने की बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि उनमें मारपीट हो गई. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है.

माली अरविंद यादव ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले राजेश चौहान, संगीता चौहान, विवेक, अमन, विक्की, मिथुन और अर्जुन चौहान ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की. इस पर पुलिस ने अरविंद की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर अरविंद यादव और उसके परिवार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है. 24 मई को अरविंद यादव ने घर के सामने खड़े रहने पर राजेश चौहान को टोका था. इसी बात पर विवाद बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई.

घटना के बाद मामला थाने पहुंचा और उसी दिन दोनों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिए गए. एसीपी रूबीना मिजवानी ने बताया कि मामले की जांच जारी है, पुलिस ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर बयान दर्ज किए हैं. विवाद अब पुलिस कमिश्नर स्तर तक पहुंच गया है, जहां मामले से जुड़े आरोपों और शिकायतों की समीक्षा की जा रही है.

# हाथ में दारू का गिलास लेकर दोपहिया पर झूमते दिखा जवान

- वर्दीधारी पुलिसकर्मी का नशे में झूमते वीडियो हुआ वायरल, जांच शुरू



**इंदौर. एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी का हाथ में गिलास लेकर दोपहिया वाहन पर झूमते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है.**

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि वर्दी में एक पुलिसकर्मी गाड़ी पर बैठा है और हाथ में गिलास लेकर नशे में झूम रहा है. इस हरकत को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार संबंधित पुलिसकर्मी की पहचान आदित्य राजपूत के रूप में हुई है, जो डीआरपी लाइन में पदस्थ है. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो लसूड़िया क्षेत्र का नहीं है और संबंधित पुलिसकर्मी वहां पदस्थ भी नहीं है. उन्होंने कहा कि मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में है और पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है. साथ ही, वीडियो को लसूड़िया का बताकर वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# विशेष चेकिंग अभियान : एक हफ्ते में 31 बसों पर कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. मानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लोक परिवहन बसों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाकर एक सप्ताह में 31 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई. कार्रवाई में फायर सेफ्टी, इमरजेंसी एग्जिट, फर्स्ट एड बॉक्स की कमी और ओवरलोडिंग जैसी खामियां सामने आई.

थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में बसों का विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशन और महू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में मानपुर पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है. इस दौरान बसों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन, फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी, इमरजेंसी एग्जिट की अनदेखी और फर्स्ट एड बॉक्स नहीं होने जैसी लापरवाहियां मिलीं. कई बसों में ओवरलोडिंग भी पाई गई. पुलिस ने 31 बसों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान बनाकर कार्रवाई की.

- फायर सेफ्टी, इमरजेंसी एग्जिट और ओवरलोडिंग पर सख्त एक्शन



# 14 पेटी अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**इंदौर. शहर में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाड़िया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आल्टो कार से ले जाई जा रही 14 पेटी शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त माल की कीमत करीब 1.70 लाख रुपए बताई गई है.**



पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर चल रहे अभियान में एडिशनल सीपी मयंक अवस्थी, डीसीपी जोन-2 अमन सिंह राठौड़, एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एसीपी कुंदन सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में की गई. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है. सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर देवास निवासी कमलेश चौहान उर्फ कालू उम्र 21 साल और केशव उम्र 25 साल को घेराबंदी कर पकड़ लिया. तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 14 पेटी देशी शराब बरामद हुई. आरोपी शराब को अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे. पुलिस ने मौके से एक ऑल्टो कार भी जब्त की है, जिसका उपयोग शराब ले जाने में किया जा रहा था. कार सहित कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 1.70 लाख रुपए आंकी गई है.

## एक नजर में

शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा, एमआर-9 की घटना, 25 हजार लीटर पानी से पाया काबू, बड़ा नुकसान टला

# प्लायवुड दुकान में लगी आग, मेडिकल स्टोर भी आया चपेट में




नव भारत न्यूज

**इंदौर. नंदानगर स्थित एमआर-9 मजदूर चौक के पास गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे प्लायवुड दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. आग ने तेजी से फैलते हुए पास के मेडिकल स्टोर को भी चपेट में ले लिया. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब 25 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया.**

फायर ब्रिगेड एसआई सुशील दुबे ने बताया कि, जय गुप्ता की प्लायवुड दुकान में शॉर्ट सर्किट के चलते आग भड़की. दुकान में लकड़ी और बुरादे की अधिक मात्रा होने से आग ने तेजी पकड़ ली और देखते ही देखते बगल में स्थित जन औषधि केंद्र (मेडिकल स्टोर) तक पहुंच गई. आग ने मेडिकल स्टोर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया. आग इतनी जल्दी फैली कि दोनों दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं. जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए लगातार पानी डालकर आग को नियंत्रित किया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों तक आग फैलने से रुक गई. प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है, साथ ही नुकसान का आकलन किया जा रहा है.